**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक–25.08.2025 (संध्या–1900 बजे)**

**मुख्य समाचार**

1. **विपक्ष के बहिष्कार के बीच झारखंड विधानसभा से 4 हजार 296 करोड़ 62 लाख रुपए से अधिक का प्रथम अनुपूरक बजट पारित, वित्त मंत्री ने कहा–सरकार का वित्तीय प्रबंधन बेहतर।**
2. **सूर्या हांसदा एनकाउंटर और रिम्स टू जमीन विवाद पर विपक्ष का सदन के बाहर और भीतर जोरदार प्रदर्शन, सत्ता पक्ष ने भी किया 130वां संविधान संशोधन का विरोध, कार्यवाही तीन बार स्थगित।**
3. **सरकार की सक्रियता से अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के 19 प्रवासी मजदूरों में से 17 मजदूरों की हुई वतन वापसी, कल लौटेंगे दो मजदूर।**
4. **रांची में आयोजित होने वाले ईस्ट टेक 2025 को लेकर कल होगा कर्टेन रेजर का आयोजित, पूर्वी कमान मुख्यालय के कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी होंगे शामिल।**
5. **यूनिसेफ ने विधानसभा के सहयोग से आयोजित किया उच्चस्तरीय विधायक सम्मेलन, बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को लेकर नीतिगत समाधान ढूंढने पर बल।**

*******************

झारखंड विधानसभा में आज विपक्ष के बहिष्कार के बीच 4 हजार 296 करोड़ 62 लाख रुपये का अनुपूरक बजट पास हो गया। अनुपूरक बजट पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि सरकार का वित्तीय प्रबंधन काफी बेहतर है।

*******************

इससे पहले आज विपक्षी सदस्यों ने सूर्या हांसदा और रिम्स टू जमीन विवाद को लेकर सदन के बाहर और भीतर जमकर हंगामा किया। सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी केन्द्र सरकार द्वारा 130वे संविधान संशोधन का विरोध किया। हंगामे और शोर शराबे के कारण विधानसभा की कार्यवाही पहले साढ़े बारह बजे तक और बाद में भोजनावकाश तक और फिर दोपहर बाद साढ़े तीन बजे तक के लिए स्थगित करनी पड़ी। नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने के कारण सूर्या हांसदा की हत्या की गयी है।

इधर, झामुमो विधायक हेमलाल मुर्मू ने कहा कि सूर्या हांसदा एक अपराधी था। उन्होंने भाजपा पर आदिवासी कार्ड खेलने का आरोप लगाया।

*******************

सत्ता पक्ष के सदस्यों ने भी केन्द्र सरकार की ओर से किये जा रहे 130वें संविधान संशोधन का विरोध किया। कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार बौखलाहट में ऐसे कदम उठा रही है।

इस बीच आजसू पार्टी के सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी ने कहा है कि विपक्ष बेवजह 130वें संविधान संशोधन का विरोध कर रहा है।

*******************

अफ्रीका के कैमरून में फंसे झारखंड के 19 प्रवासी मजदूरों में से 17 मजदूरों की आज वतन वापसी हो गयी। दो मजदूरों की वापसी कल होगी। सभी मजदूर बोकारो और हजारीबाग के रहने वाले हैं। ये सभी कैमरून में ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड कंपनी में काम करते थे। वहां कई महीनों तक काम करने के बाद 11 मजदूरों का 3–4 महीने और 8 मजदूरों का 2 महीने से वेतन रोक दिया गया था। इसके बाद सभी मजदूरों ने सोशल मीडिया पर वीडियो जारी कर वतन वापसी की गुहार लगायी थी। केन्द्र और राज्य सरकार की सक्रियता से इन मजदूरों की वापसी संभव हो पायी है।

*******************

रांची में 17 से 19 सितंबर 2025 तक ईस्ट टेक 2025 नामक पूर्वी टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाना है। इस सिलसिले में कल रांची के दीपाटोली स्थित केरकेट्टा ऑडिटोरियम में कर्टेन रेजर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में भारतीय सेना के पूर्वी कमान मुख्यालय के कई वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी शामिल

होंगे। गौरतलब है कि पूर्वी टेक्नोलॉजी कॉन्क्लेव का उद्देश्य भारत की स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करना, स्टार्टअप्स और स्थानीय उद्योगों को बढ़ावा देना और देश के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों और संस्थानों की प्रतिभा का प्रदर्शन करना है।

******************

झारखड विधानसभा सचिवालय और यूनिसेफ की राज्य इकाई की ओर से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य विषय पर एक अहम सभा आयोजित की गयी। इस संवाद सत्र में झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में 40 विधायकों की भागीदारी रही। यूनिसेफ ने इस पहल के लिए अध्यक्ष से सहयोग मांगा था, ताकि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील मुद्दे पर नीति–निर्माण के स्तर पर सार्थक विमर्श हो सके। यूनिसेफ का मानना है कि यह संवाद राज्य के बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति सुधारने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है।

******************

राज्य के कई  हिस्सों में लगातार हो रही बारिश से जनजीवन प्रभावित हुआ है। रामगढ़ में निचले इलाकों में पानी भर गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही है। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

******************

हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती पर हर साल 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाता है। इस बार झारखंड में यह दिन खास अंदाज में मनाने की तैयारी की गयी है। खेलकूद एवं युवा कार्य निदेशालय के अनुसार, 29 से 31 अगस्त तक राज्य और जिला स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं, फिटनेस एक्टिविटी और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे।

**************